**18/06**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेरिस में सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेनोइट बाज़िन से मुलाकात की। इस दौरान सामग्री एवं निर्माण क्षेत्र में अवसरों पर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से सतत विकास यानी सस्टेनेबिलिटी पर जोर दिया गया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सेंट-गोबेन की भारत में मजबूत उपस्थिति और निवेश भारतीय युवाओं के लिए अवसरों का सृजन कर रहे हैं। वहीं, बेनोइट बाज़िन ने भारत में कंपनी के आगे के निवेश और विस्तार की योजनाओं की जानकारी दी।

0000000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मंत्री ने परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता और दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को सतर्क रहने तथा पुनर्परीक्षा के निष्पक्ष और सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री प्रधान ने कहा कि मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारियों को विभिन्न राज्यों में तैनात किया जाएगा, जो परीक्षा संबंधी गतिविधियों का समन्वय करेंगे और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के महानिदेशक के नेतृत्व वाले केंद्रीय कमांड सेंटर को रिपोर्ट करेंगे। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि अभ्यर्थियों को तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए उचित बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, शिकायत निवारण तंत्र तथा विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की भी समीक्षा की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग - APPSC के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर प्रदीप लिंग्फा ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाईक से मुलाकात कर आयोग की वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर आयोग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें। अध्यक्ष ने राज्यपाल को वर्ष के दौरान आयोग की गतिविधियों, आयोजित परीक्षाओं, भर्ती संबंधी रिकॉमेंडेशन, प्रमुख अवलोकनों तथा उनसे जुड़े वित्तीय प्रभावों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि APPSC राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए उसे ईमानदारी, पेशेवर दक्षता और उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग को केवल सर्वाधिक योग्य उम्मीदवारों की सार्वजनिक सेवा के लिए रिकॉमेंडे कर अपनी विश्वसनीयता, प्रभावशीलता और जनविश्वास को और मजबूत करना चाहिए। पारदर्शिता और योग्यता-आधारित चयन के महत्व पर बल देते हुए राज्यपाल ने आयोग को परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं का संचालन पूर्ण निष्पक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ करने की सलाह दी।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने आज राज्य के पर्यावरण एवं वन मंत्री वाङ्की लोवाङ, शहरी विकास एवं भूमि प्रबंधन मंत्री बालो राजा तथा मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता के साथ वन क्षेत्र संबंधी मुद्दों और भूमि प्रबंधन से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में व्यावहारिक समाधान तलाशने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने तथा संरक्षण और विकास संबंधी आवश्यकताओं के बीच संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज यह जानकारी साझा करते हुए कहा है कि, अरुणाचल प्रदेश सरकार और विवेकानंद केंद्र विद्यालय अरुणाचल प्रदेश ट्रस्ट के बीच तातो स्थित वर्तमान गवर्मेंट सेकेंद्री स्कूल को विवेकानंद केंद्र विद्यालय (Vज्V) के रूप में स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रस्तावित Vज्V एक सह-शिक्षा दिवस एवं आवासीय विद्यालय होगा, जो क्षेत्र के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास की नई संभावनाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता शी-योमी जिले में शिक्षा की पहुंच को सुदृढ़ करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के पांच ज़िलो तवाङ, कुरुङ कुमे, शी-योमी, दिबाङ वैली और आंजाव को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

सरकार ने कहा है कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। साथ ही पेट्रोल और डीज़ल का भी पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। पश्चिम एशिया की हालिया परिस्थितियों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 1 करोड़ 36 लाख एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग प्राप्त हुई है, जबकि 1 करोड़ 47 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है।

0000000000000000000000000

फीफा विश्व कप में आज रात ग्रुप-ए के मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका के अटलांटा स्टेडियम में चेकिया का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढे नौ बजे शुरू होगा। चेकिया साउथ कोरिया के खिलाफ 2-1 की हार के बाद वापसी की कोशिश करेगा, जबकि साउथ अफ्रीका भी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में मेज़बान मेहिको से 2-0 की हार के बाद अपने पहले अंक हासिल करने के इरादे से उतरेगा। इसके बाद ग्रुप-बी के मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका के लॉस एंजेलिस स्टेडियम में स्विट्ज़रलैंड का सामना बोस्निया और हर्ज़ेगोविना से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढे बारह बजे शुरू होगा।

0000000000000000000000000